दूरभाष सं० – 06189-222250
email- icdskaimur@gmail.com
email- dm-bhabhua.bih@nic.in

बिहार सरकार

# समाहरणालय, कैमूर (भभुआ)

(जिला प्रोग्राम शाखा)

## कैमूर जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन से संबंधित विज्ञापन सं0 03/2017–18

सरकार के प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग बिहार पटना के पत्र संख्या आई0सी0डी0एस0/40010/02–2012,1159 दिनांक 23.03.2017 द्वारा प्राप्त निदेश एवं विभाग द्वारा समय समय पर संशोधित नियमों के आलोक में जिला अन्तर्गत बाल विकास परियोजनाओं में पूर्व से स्वीकृत पद की रिक्ति/नव–सृजित अतिरिक्त/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की रिक्ति की सूचना एवं उन रिक्तियों को भरने का कार्यक्रम कैमूर जिले के लिए निर्धारित किया जाता है।

जिले की बाल विकास परियोजना, रामगढ़ एवं नुआंव में निम्न सारणी के अनुसार आंगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के रिक्त पदों पर चयन हेतु संबंधित वार्ड (पोषक क्षेत्र)के इच्छुक महिला अभ्यर्थी से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन पत्र संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में विहित प्रपत्र में अनुलग्नक सहित दिनांक –22.12.2017 से दिनांक 05.01.2018 तक को 5:00 बजे अपराह्न तक स्वीकार किये जायेंगे।** आवेदिकायें पंजीयन संख्या एवं तिथि के साथ परियोजना कार्यालय में प्राप्ति रसीद प्राप्त करेंगी। प्राप्ति रसीद में संबंधित परियोजना कार्यालय की संबंधित महिला पर्यवेक्षिका द्वारा अनुलग्नकों के विवरण की प्रविष्ट की जायेगी। आवेदन पत्र का नमूना एवं रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालयों पर चिपका दी गई हैं। परियोजनवार आंगनबाड़ी केन्द्रों की रिक्तियां निम्न प्रकार हैं:–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | नव स्वीकृत पदों की संख्या | | पूर्व से अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र में रिक्ति की संख्या | | मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र में रिक्ति की संख्या | | कुल आंगनबाड़ी केन्द्रों मे रिक्ति की कुल संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सेविका | सहायिका | सेविका | सहायिका | सेविका | सहायिका | सेविका | सहायिका |
| 4 | नुआंव | 0 | 0 | 14 | 20 | 1 | 0 | 15 | 20 |
| 9 | रामगढ़ | 32 | 32 | 04 | 13 | 02 | 00 | 38 | 45 |
| | कुल | **32** | **32** | **18** | **33** | **3** | **0** | **53** | **65** |

➢ **आंगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के चयन हेतु आहर्ताएं** :–

- **शैक्षणिक योग्यता** :– आंगनबाड़ी सेविका के चयन हेतु शैक्षणिक योग्यता **मैट्रिक अथवा समकक्ष** (अतिरिक्त विषयों को छोड़कर) (जिसे मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा पंचायत शिक्षक नियोजन हेतु मान्यता दी गई हो)। **अधिक योग्यता के लिए कोई प्राथमिकता नहीं दी जायेगी। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं उतीर्ण होगी। सहायिका के चयन में विधवा अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।**
- **आयु सीमा** :– आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन हेतु रिक्ति के प्रकाशन की तिथि को उनकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी। जिसका मूल प्रमाण–पत्र उनके द्वारा आम सभा में ही उपलब्ध कराया जायेगा।
- आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के अभ्यर्थी को मैपिंग पंजी के अनुरूप संबंधित वार्ड का स्थाई निवासी एवं मतदाता होना अनिवार्य होगा अथवा आवेदिका के पति/ससुर का नाम संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में अंकित होना अनिवार्य होगा।
- सरकारी/गैर सरकारी नियोजन में कार्यरत व्यक्ति जिनकी मासिक आय 12000/– या उससे ज्यादा है/जनप्रतिनिधि/संबंधित प्रखण्ड के जन वितरण प्रणाली बिक्रेता की पत्नी/बहू, सेविका/सहायिका के चयन के लिए अयोग्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी न्यायालय से दंडित किया गया हो तो उसे भी आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के पद के लिए चयनित नहीं किया जायेगा।

- रिक्ति से संबंधित जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा महिला पर्यवेक्षिका से प्राप्त की जा सकती है।
- आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन समेकित बाल विकास सेवाएं अन्तर्गत निदेशालय द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका–2016 एवं समय–समय पर संशोधित निर्गत मार्गदर्शिका के अनुसार किया जायेगा।
- आवेदन हाथों हाथ अथवा डाक के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे।
- सेविका/सहायिका चयन के लिए महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा चिन्हित तिथि एवं स्थल पर आम सभा चयन समिति के अध्यक्ष वार्ड के सदस्य अथवा उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष पंच की अध्यक्षता में सेविका/सहायिका का चयन आम सभा में किया जायेगा। आम सभा में ही संबंधित महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा मेधा सूची एवं पैनल तैयार कर अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन कर सर्वोच्च मेधा अंक के प्रतिशत वाले अभ्यर्थी को चयनित कर चयन पत्र मुहर सहित एवं हस्ताक्षरित कर स्थल पर हीं निर्गत किया जायेगा, जिसकी एक प्रति बाल विकास परियोजना कार्यालय में रक्षित की जायेगी। प्रत्येक आम सभा के लिए आम सभा की तिथि निर्धारित की गई है, इसकी जानकारी संबधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/महिला पर्यवेक्षिका से प्राप्त की जा सकती है। परियोजनावार आंगनबाड़ी केन्द्रवार रिक्तियों/संबंधित मार्गदर्शिका इत्यादि की जानकारी जिले के वेबसाईट kaimur.bih.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

15/12/17

जिला पदाधिकारी,
कैमूर (भभुआ)